# फेंटानाइल: तथ्य

## फेंटानाइल क्या है?

फेंटानाइल (Fentanyl) एक बहुत ही प्रभावशाली नार्कोटिक दर्दनाशक दवाई है, जिसे गंभीर, अक्षम कर देने वाले दर्द और सर्जरी के बाद के दर्द के लिए निर्दिष्ट किया जाता है। फेंटानाइल केंद्रीय तंत्रिका-तंत्र पर कार्य करती है, उदाहरण के लिए मॉर्फिन और हेरोइन जैसे अन्य ओपियॉइड्स की तरह।

फेंटानाइल मॉर्फिन की तुलना में लगभग 100 गुना अधिक शक्तिशाली होती है और चिकित्सीय खुराक और विषाक्त खुराक के बीच बस एक थोड़ा-सा ही अंतर होता है।

फेंटानाइल शरीर के अंदर बहुत तेजी से कार्य करती है और इसकी जल्दी कार्य करने की यह क्षमता आपको अन्य मादक-पदार्थों की तुलना में बहुत जल्दी साँस लेने से रोक सकती है और इसलिए इसके अत्यधिक मात्रा में सेवन किए जाने की संभावना अधिक होती है।

फेंटानाइल के कुछ आम नाम हैं – चायना गर्ल, चायना व्हाइट, डाँस फीवर, गुडफेल्ला, मर्डर 8, टीएनटी और टैंगो और कैश।

### फेंटानाइल का उपयोग कैसे किया जाता है?

फेंटानाइल लॉज़ेंजेस और इंजेक्शन सहित अन्य कई प्रारूपों में उपलब्ध होती है। ऑस्ट्रेलिया में फेंटानाइल को निर्दिष्ट करने का सबसे आम प्रारूप एक पैच है, जिसे त्वचा पर लगाया जाता है।

प्रभाविता की पाँच श्रेणियों में उपलब्ध ये पैच धीमी गति से पदार्थ को शरीर में छोड़ने के लिए निर्मित होते हैं, जो 72 घंटों की अवधि के दौरान तेज दर्द से राहत प्रदान करता है। इसके कई ब्राँड नाम उपलब्ध हैं (जिनमें Durogesic®, Denpax®, Fenpatch® और Dutran® शामिल हैं)।

## फेंटानाइल से संबंधित आपातकाल

एंबुलेंस के लिए हमेशा 000 (ट्रिपल शून्य) पर फोन करें और ऑपरेटर को बताएँ कि उस व्यक्ति ने अत्यधिक मात्रा में सेवन किया है (सामान्यत: पुलिस तब तक नहीं आएगी, जब तक कि व्यक्ति की मृत्यु न हो जाए या वह हिंसक न हो)। आपको निम्नलिखित कार्य भी करने चाहिए:

- यदि व्यक्ति बेहोश हो गया है, तो उसे उसकी बगल पर लिटाएँ, रिकवरी (बहाली) की स्थिति में;
- व्यक्ति के पास मौजूद रहें;
- न घबराने का प्रयास करें;
- उसकी साँस की जाँच करें, उसका वायुमार्ग साफ करें;
- यदि वह साँस न ले रहा हो, तो अपने मुँह से उसे साँस दें।
- यदि नालॉक्सोन (Narcan®, Pronexenad®) उपलब्ध हो और आपको इसका उपयोग करने के तरीके में दिशा-निर्देश प्राप्त हों, तो इसका प्रयोग करें। (आप अपने डॉक्टर या फार्मासिस्ट से और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते/सकती हैं।)

**अत्यधिक मात्रा में सेवन/अवशोषण किए जाने की स्थिति में यह महत्वपूर्ण है कि यदि त्वचा पर पैच अभी भी लगा हुआ हो, तो उसे हटा दिया जाए।**

## अत्यधिक मात्रा में सेवन

यदि फेंटानाइल का उपयोग डॉक्टर के निर्देशों के अनुरूप न किया जाए, तो अत्यधिक मात्रा में इसका सेवन करने का बहुत ही वास्तविक खतरा मौजूद होता है, क्योंकि एक बार शरीर में प्रवेश करने के बाद यह बहुत अधिक प्रभाविता और तेजी के साथ कार्य करती है।

फेंटानाइल पैच की सामग्री को इंजेक्शन के माध्यम से लेना **कभी भी सुरक्षित नहीं** होता है, लेकिन यदि आप ऐसा करें तो यह सुनिश्चित करें कि हमेशा कोई दोस्त आपके साथ मौजूद रहे।

अत्यधिक मात्रा में सेवन के लक्षणों में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:

- कठिन, उथली या धीमी साँस की तेजी से शुरुआत – फेंटानाइल अक्सर लोगों को साँस लेने से रोक देती है;
- उलझन;
- बेहोशी;
- ठंडी और पसीनेदार त्वचा और शरीर का कम तापमान;
- कम ऑक्सीजन की वजह से नीली त्वचा और नीले नाखून;
- कोमा और मृत्यु।

फेंटानाइल के पैचों पर अगर गरमाहट लगाई जाए, तो यह बहुत खतरनाक हो सकता है क्योंकि गर्मी के कारण शरीर बहुत अधिक मात्रा में इस पदार्थ का अवशोषण कर सकता है।

फेंटानाइल की प्रभाविता के कारण अत्यधिक मात्रा में इसके सेवन करने की संभावना अधिक होती है:

- फेंटानाइल का उपयोग केवल डॉक्टर द्वारा निर्दिष्ट तरीके से ही किया जाना चाहिए;
- उपयोग के बाद पैच को हटाना सुनिश्चित करें;
- त्वचा के तापमान में वृद्धि, जैसे बुखार; बिजली-चलित कंबल का उपयोग; या तीव्र व्यायाम भी अत्यधिक मात्रा में इसके अवशोषण को बढ़ा सकते हैं।

**अधिक सँख्या में पैचों का उपयोग करना या निर्दिष्ट अवधि से अधिक समय के लिए इनका उपयोग करना, या फेंटानाइल का इंजेक्शन लगाना बहुत खतरनाक होता है, क्योंकि यह जान पाना संभव नहीं होता है कि फेंटानाइल की कितनी मात्रा ली जा रही है और इस कारण अत्यधिक मात्रा में इसके अवशोषण का खतरा बहुत ऊँचा होता है।**

### निम्नलिखित कार्य न करें:

- व्यक्ति को किसी अन्य अवैध मादक-पदार्थ का इंजेक्शन लगाना (एंबुलेंस पैरामेडिक्स या मेडिकल कर्मी नालॉक्सोन का उपयोग कर सकते हैं);
- उसे शावर में रखना;
- उसके मुँह में कुछ डालना, क्योंकि इससे उसका दम घुट सकता है और उसका साँस लेना बंद हो सकता है। यदि किसी व्यक्ति को दौरे आते है, (उसे सीज़र या ऐंठन होती है), तो सबसे अच्छी बात यह रहती है कि उसके इर्द-गिर्द मौजूद चीजों को हटा दिया जाए, जिससे उसे कोई चोट न लगे।

अत्यधिक मात्रा में सेवन/अवशोषण को रोकने में सहायता के लिए:


- केवल निर्दिष्ट किए गए तरीके से ही उपयोग करें।
- अन्य मादक-पदार्थों के साथ न मिलाएँ, शराब, नींद की गोलियों, अवसादरोधी या व्याकुलतारोधी दवाइयों (जैसे बेंज़ोडाइज़ेपींस) के साथ या पहले से ही नशे की अवस्था में होने पर फेंटानाइल का उपयोग करना विशेष रूप से खतरनाक हो सकता है।
- इस बारे में सचेत रहें कि यदि आपने पहले कभी फेंटानाइल का उपयोग नहीं किया है, तो यह आपको कैसे प्रभावित करेगी इसके प्रति आपकी सहिष्णुता कम होगी, और आपके लिए पक्ष-प्रभावों और अत्यधिक मात्रा में सेवन किए जाने का खतरा और ऊँचा होगा।


## रिकवरी (बहाली) की स्थिति

**चित्र 1:** व्यक्ति के बगल में घुटने टेक कर बैठ जाएँ। अपने सबसे निकट स्थित बाँह को उठाएँ और बाँह को शरीर से 90 डिग्री के कोण पर रखें।



**चित्र 2:** व्यक्ति के सिर को समर्थन देने के लिए दूसरी बाँह को उसके सिर के नीचे गाल से सटाकर रखें।






**चित्र 3:** स्वयं से अधिक से अधिक दूर स्थित पैर को उठाएँ और उसके पैर को फर्श पर रखें।

**चित्र 4:** उसके घुटने को एक संबल के रूप में उपयोग करके धीरे-धीरे उस व्यक्ति को अपनी ओर खींचें।

सिर को पीछे की ओर झुकाएँ और यह सुनिश्चित करें कि वायुमार्ग खुला हुआ और साफ हो।



## अन्य मादक-पदार्थों के साथ संयोजन

अगर आपके तंत्र में अन्य ओपियॉइड्स, एल्कोहल, बेंज़ोडाइज़ेपींस, ट्रांक्विलाइज़र्स या अवसादरोधियों जैसी अन्य दवाइयाँ मौजूद हैं, तो फेंटानाइल का उपयोग कभी न करें।

इन दवाइयों के साथ फेंटानाइल को मिलाने से अत्यधिक मात्रा में अवशोषण के कारण मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है।

## पैचों का सुरक्षित भंडारण और निपटान

उपयोग किए गए फेंटानाइल पैचों को हटाए जाने के बाद भी इनमें काफी अधिक मात्रा में अनवशोषित पदार्थ मौजूद हो सकता है, इसलिए नए और उपयोग किए गए पैच - ये दोनों ही बच्चों और वयस्कों के लिए खतरनाक हो सकते हैं।

यह सुनिश्चित करें कि त्वचा के साथ किसी भी अनपेक्षित संपर्क से बचाव के लिए चिपचिपी तरफ से पैचों को आधे में मोड़ दें।

फेंटानाइल पैच का निपटान करने के बाद अपने हाथ साबुन और पानी से धो लें।

उपयोग किए गए फेंटानाइल पैचों समेत सभी समाप्त-तिथि से परे या अवाँछित मादक-पदार्थों को सुरक्षित रूप से निपटान के लिए किसी सामुदायिक फार्मेसी में वापस दे दिया जाना चाहिए।

अवाँछित दवाई वापसी परियोजना (Return Unwanted Medicines (RUM)) पर और अधिक जानकारी उपलब्ध है। **www.returnmed.com.au**

पैचों को बच्चों से बहुत दूर रखें और उन्हें आपको पैच लगाते हुए न देखने दें या पैचों को स्टिकर, टैटूज़ या बैंड-एड्स न कहें।

## सहिष्णुता और निर्भरता

फेंटानाइल का नियमित रूप से उपयोग करने वाला कोई भी व्यक्ति इसके प्रति सहिष्णुता विकसित कर सकता है। सहिष्णुता का अर्थ यह है कि आपको उसी प्रभाव का अनुभव करने के लिए और अधिक मादक-पदार्थ लेने की आवश्यकता होती है, जो आप कम मात्रा का उपयोग करके महसूस कर सकते थे/सकती थीं। इसका अर्थ यह हो सकता है कि यदि आप नियमित रूप से फेंटानाइल का उपयोग करते/करती हैं, तो आपको जल्द ही इसके अभाव में सामान्य रूप से कार्य करने में कठिनाई हो सकती है।

आपको इसका उपयोग रोकने या इसके उपयोग की मात्रा को नियंत्रित करने में भी कठिनाई महसूस हो सकती है। फेंटानाइल के नियमित उपयोगकर्ता बहुत जल्दी ही इस पर निर्भर बन सकते हैं।

फेंटानाइल का उपयोग करने वाले सभी व्यक्ति इसपर निर्भरता विकसित नहीं करते हैं और आपके लिए अपने चिकित्सीय व्यावसायिक की सलाह का अनुपालन करना महत्वपूर्ण है।

## शरीर से निकासी

जो लोग फेंटानाइल पर निर्भर हो गए हैं, उन्हें शरीर से इसकी निकासी के लक्षणों के कारण इसका उपयोग रोकना या कम करना बहुत कठिन लगता है। ये लक्षण इसके अंतिम उपयोग के बाद केवल कुछ ही घंटों के अंदर शुरू हो सकते हैं।

लक्षणों में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:

- पसीना आना और कंपकंपी छूटना
- अनिद्रा और नींद में गड़बड़ी होना
- दस्त लगना
- पैरों में अत्यधिक गति होना
- पेट और पैरों में ऐंठन होना
- जी मिचलाना
- नाक बहना और आँखों से पानी आना
- लालसा होना (फेंटानाइल लेने की बहुत तीव्र इच्छा होना)

यदि आपको शरीर से इसकी निकासी के लक्षणों की समस्याएँ हो रही हैं, तो अपने डॉक्टर या स्वास्थ्य सेवा से संपर्क करें।

## कानून

डॉक्टर के नुस्खे के बिना फेंटानाइल का उपयोग करना, या फेंटानाइल के पैच अपने पास रखना या किसी अन्य व्यक्ति को पैच बेचना या देना अवैध है। यदि आप पकड़े जाते/पकड़ी जाती हैं, तो आप पर जुर्माना लगाया जा सकता है या आपको कारावास की सजा भी मिल सकती है।

धोखे से फेंटानाइल के नुस्खे प्राप्त करना या डॉक्टर को पिछले 2 महीनों में प्राप्त फेंटानाइल के अन्य सभी नुस्खों के बारे में नहीं बताकर (उदाहरण के लिए डॉक्टर शॉपिंग) इसके नुस्खे प्राप्त करना भी अवैध है।

## गर्भावस्था और स्तनपान

गर्भावस्था के दौरान फेंटानाइल का उपयोग महिला और भ्रूण, दोनों को प्रभावित कर सकता है। फेंटानाइल जैसे गैर-निर्दिष्ट ओपियॉइड को इंजेक्शन के माध्यम से लेने से यह गर्भनाल को पार कर सकती है और भ्रूण के विकास को प्रभावित कर सकती है। इससे गर्भपात, समयपूर्व जन्म और शिशु का कम भार के साथ जन्म होने का खतरा बढ़ सकता है। यदि कोई महिला ओपियॉइड पर निर्भर है, तो फेंटानाइल और अन्य किसी ओपियॉइड को अचानक रोकने से भ्रूण के लिए खतरा पैदा हो सकता है।

इसके लिए प्रभावी उपचार उपलब्ध हैं। गर्भावस्था के दौरान फेंटानाइल के निर्दिष्ट या अनिर्दिष्ट उपयोग के बारे में अपने डॉक्टर और प्रसवपूर्व कर्मियों से पूछें और नियमित प्रसवपूर्व जाँचों में भाग लें। एनएसडब्ल्यू में विशेषज्ञ सेवाएँ भी उपलब्ध हैं। [इस तथ्य पत्रक में सूचना और सलाह देखें] नियमित जांचें करवाना महत्वपूर्ण हैं।

गर्भावस्था के दौरान फेंटानाइल को इंजेक्शन के माध्यम से लेने और अन्य प्रकार के अनिर्दिष्ट ओपियॉइड के उपयोग करने के खतरे होते हैं, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- समयपूर्व जन्म या गर्भपात, मृतप्रसव होना;
- कम भार वाले शिशुओं का जन्म होना;
- एचआईवी, हेपेटाइटिस बी या सी या रक्त-विषाक्तता जैसे संक्रमणों का शिशु में पारित होना;
- गर्भावस्था के दौरान और इसके बाद स्वास्थ्य-संबंधी और सामाजिक समस्याएँ होना।

जन्म होने के बाद शिशुओं को भी समस्याएँ हो सकती हैं। गर्भावस्था के दौरान जिस महिला के लिए फेंटानाइल निर्दिष्ट की गई थी, या गर्भावस्था के दौरान जिस महिला ने अनिर्दिष्ट फेंटानाइल का उपयोग किया था, उसके शिशु के जन्म के बाद शिशु को उसके शरीर से इसकी निकासी का खतरा होता है। दवाइयाँ आवश्यक हो सकती हैं। अपने शिशु की देखभाल करने के तरीके के बारे में स्वास्थ्यकर्मियों से सहायता प्राप्त करना महत्वपूर्ण होता है।

फेंटानाइल स्तन के दूध में पारित होती है, और इससे स्तनपान करने वाले शिशु पर और अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकते हैं। स्तनपान कराने के दौरान चिकित्सीय सलाह के बिना किसी भी दवाई का सेवन करना सामान्यत: खतरे से भरा होता है।

## स्व-सहायता संगठन

नार्कोटिक्स एनॉनिमस ऑस्ट्रेलिया (NA) के लिए **na.org.au**, जोकि नशे के व्यसन से बहाल होने वाले लोगों के लिए एक गैर-लाभकारी फैलोशिप या समूह है जिसमें वे व्यक्ति सभी मादक-पदार्थों से पूरी तरह से बचाव के लिए एक कार्यक्रम के माध्यम से एक-दूसरे की मदद करने के लिए नियमित रूप से मुलाकात करते हैं।

**www.reconnexion.org.au** व्याकुलता, तनाव, अवसाद और बेंज़ोडाइज़ेपीन (ट्रांक्विलाइज़र्स और नींद की गोलियों) पर निर्भरता की चुनौतियों और इससे संबंधित रोगों का सामना करने के लिए परामर्श, टेलीफोन समर्थन और सूचना सेवाएँ (1300 273 266) उपलब्ध कराता है।

## सूचना और परामर्श

**एल्कोहल और मादक-पदार्थ सूचना सेवा (ADIS) NSW** शिक्षा, सूचना, रेफरल, संकट परामर्श और समर्थन प्रदान करने के लिए 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन संचालित की जाती है। (02) 9361 8000 (सिडनी मेट्रो) या 1800 422 599 (सिडनी मेट्रो के बाहर और अंतरराज्य) पर कॉल करें या **www.yourroom.com.au** पर जाएँ।

**निकटतम सुई और सिरिंज कार्यक्रम (NSP) आउटलेट के लिए ADIS को कॉल करें।**

**Your Room** मादक-पदार्थ और शराब के बारे में जानकारी और सलाह, अभियान और संसाधन प्रदान करता है। **www.yourroom.com.au** पर जाएँ।

**आदिवासी स्वास्थ्य और चिकित्सीय अनुसंधान परिषद (AHMRC)** एनएसडब्ल्यू में आदिवासी समुदाय द्वारा नियंत्रित स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कड़ियाँ प्रदान करती है। क्षेत्रीय नक्शे, सूचना और सदस्यों की वेबसाइटों की कड़ियों सहित AHMRC के सदस्यों के बारे में जानकारी के लिए **www.ahmrc.org.au/members** पर जाएँ।

**मादक-पदार्थ और शराब बहुसाँस्कृतिक शिक्षा केंद्र (DAMEC)** साँस्कृतिक और भाषायी रूप से विविध समुदायों के लोगों के लिए सेवाएँ उपलब्ध कराता है। DAMEC से (02) 8113 1301 पर संपर्क करें या सीएएलडी समुदायों के लिए परामर्श और समर्थन सेवाओं के लिए (02) 8706 0150 पर कॉल कर।

**Drug Info** शराब और अन्य मादक-पदार्थों और इनसे संबंधित नुकसान की रोकथाम के बारे में तथ्य और संसाधन उपलब्ध कराता है। **www.druginfo.adf.org.au** पर जाएँ।

**न्यू साउथ वेल्स राजकीय पुस्तकालय Drug Info** पूरे एनएसडब्ल्यू में सार्वजनिक पुस्तकालयों में शराब और अन्य मादक-पदार्थों के बारे में अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराता है। **www.druginfo.sl.nsw.gov.au** पर जाएँ।

**eheadspace** युवाओं (12 - 25 वर्ष) और उनके परिवार और दोस्तों के लिए मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण समर्थन, सूचना और सेवाएँ उपलब्ध कराता है। **www.eheadspace.org.au** पर जाएँ।

**पारिवारिक मादक-पदार्थ समर्थन (FDS)** मादक-पदार्थों और शराब के मुद्दों के कारण संकट में पड़े परिवारों को 24-7 टेलीफोन समर्थन उपलब्ध कराता है। 1300 368 186 पर हेल्पलाइन को कॉल करें या वेबसाइट **www.fds.org.au** पर जाएँ।

**Kids Helpline** 5 से 25 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए एक नि:शुल्क, 24 घंटे की परामर्श सेवा है। Kids Helpline वेबसाइट **www.kidshelp.com.au** या ईमेल के माध्यम से परामर्श उपलब्ध कराया जाता है, या फिर 1800 55 1800 पर कॉल करें।

**नेपियन युवा मादक-पदार्थ और शराब सेवा (NYDAS)** युवाओं (12 -20 वर्ष की आयु) के लिए शराब और अन्य मादक-पदार्थों के उपयोग से संबंधित अनेकानेक मुद्दों को हल करने के लिए देखभाल के समग्र प्रारूप के अंदर काम करती है। 02 4734 2129 या 02 4734 1333 पर कॉल करें।

**एनएसडब्ल्यू उपयोगकर्ता और एड्स संगठन (NUAA)** एनएसडब्ल्यू में एक शीर्ष मादक-पदार्थ उपयोगकर्ता संगठन है जो होने वाले नुकसानों को कम करने के बारे में जानकारी और रक्त से उत्पन्न विषाणु रोकथाम सहकर्मी शिक्षा उपलब्ध कराता है। **www.nuaa.org.au** पर जाएँ।

**विष सूचना हॉटलाइन** पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में उपलब्ध एक 24/7 कॉल सेंटर सेवा है। 13 11 26 पर कॉल करें।

**ReachOut** मोबाइल-अनुकूल साइट और मंचों के साथ उपलब्ध एक ऑस्ट्रेलियाई ऑनलाइन युवा मानसिक स्वास्थ्य सेवा है, जहाँ आप सहायता, सूचना और समर्थन प्राप्त कर सकते/सकती हैं। **www.au.reachout.com** पर जाएँ।

**Sexual Health Info Link** नि:शुल्क और गोपनीय यौन स्वास्थ्य समर्थन व जानकारी का स्रोत है। **www.shil.nsw.gov.au** पर जाएँ।

**Smart Recovery** एक स्वैच्छिक स्व-सहायता समूह है जो लोगों को शराब, मादक-पदार्थों के उपयोग और अन्य नशे की लत के व्यवहार से स्वस्थ होने में सहायता देता है। **www.smartrecoveryaustralia.com.au** पर जाएँ।

**Youth Action** एनएसडब्ल्यू में युवा लोगों के लिए सर्वोच्च संगठन है। **www.youthaction.org.au** पर जाएँ और एनएसडब्ल्यू युवा सेवाओं की निर्देशिका तक पहुँचने के लिए खोज विकल्प का उपयोग करें।

**NSW Health का उद्देश्य शराब और अन्य मादक-पदार्थों के उपयोग से संभावित स्वास्थ्य-संबंधी, सामाजिक और आर्थिक परिणामों समेत अन्य तथ्यों को उपलब्ध करा करके व्यक्तियों और समुदाय के लिए मादक-पदार्थों से संबंधित नुकसान को कम करना है।**

NSW GOVERNMENT

© NSW Ministry of Health 2017
SHPN (CPH) 180428